# सदर अस्पताल में पतली दाल देख बिफरे स्वास्थ्य सचिव, डायटीशियन को फटकार

निरीक्षण के दौरान टीम को अस्पताल में सबकुछ ठीक-ठाक दिखाने का किया गया प्रयास

## टीम ने सदर अस्पताल में देखी किचन की व्यवस्था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह बुधवार को अचानक सदर अस्पताल के किचन का निरीक्षण करने पहुंच गये। उनके साथ सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीएस डॉ एके खेतान और डॉ बिमलेश सिंह सहित अस्पताल प्रबंधन की टीम भी थी। इस दौरान स्वास्थ्य सचिव ने रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित अस्पताल के सेंट्रल किचन का औचक निरीक्षण किया।

अस्पताल के किचन में खराब खाने की क्वालिटी देखने को मिली, साथ ही आस-पास गंदगी मिलने पर एक-एक जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिया। जिस वक्त वह किचन में पहुंचे मरीजों को लंच भेजने की तैयारी की जा रही थी।

### सब्जी की क्वालिटी भी मिली खराब

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में टीम को सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने का पूरा प्रयास किया गया। टीम जिस समय निरीक्षण कर रही थी, उस समय अधिकारी परेशान देखे गये। उन्होंने प्रेशर कूकर में पकी दाल को देखा, जो बेहद पतली थी। सब्जी की क्वालिटी भी खराब थी। मौके पर उन्होंने डायटिशियन ममता कुमारी को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि क्या यह पतली दाल से मरीजों को प्रोटिन की डाइट मिलेगी। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए मरीजों के डाइट प्लान के अनुसार, खाना परोसने और साफ-सफाई के निर्देश दिया।

छठ घाटों की सफाई के साथ खतरे के निशान पर लगाया जायेगा रेड रिबन

# छठ से पहले राजधानी के चडरी समेत चार तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

### सौंदर्यीकरण में खर्च होंगे 30 लाख रुपये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छठ पूजा से पहले रांची नगर निगम 30 लाख रुपये की लागत से चार प्रमुख तलाबों का सौंदर्यीकरण करेगा। इनमें जेल तालाब, चडरी तालाब, अरगोड़ा तालाब और स्वर्ण रेखा छठ तालाब शामिल है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि शहर में रांची छोटे- बड़े 70 जलाशय हैं। कई जलाशय ऐसे भी हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जिसके कारण छठ करने वाले नागरिकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस बार नगर निगम के द्वारा शहर के चार प्रमुख तलाबों का सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया है। जिससे कि छठ के दौरान लोगों को पर्व मनाने में कोई दिक्कत ना हो।

इसके साथ ही नगर निगम सभी छठ घाटों की सफाई के साथ रेड रिबन भी लगाएगा। ताकि लोग गहराई की तरफ न जाएं और किसी भी तरह की अनहोनी ना हो। सभी घाटों पर चेंजिंग रूम भी बनाया जाएगा। नगर निगम के द्वारा घाटों में फैली गंदगी को साफ किया जाएगा। साथ ही घास कटिंग और तालाबों में खतरनाक स्थलों की पहचान की जाएगी।

**इन तलाबों का होगा सैंदर्यीकरण**

- वार्ड 18 जेल तालाब - 16.8 लाख रुपये
- वार्ड 18 चडरी तालाब - 6.30 हजार रुपये
- वार्ड 26 अरगोड़ा तालाब- 8.85 रुपये
- वार्ड 46 स्वर्ण रेखा छठ तालाब (केतारी बगान) - 6 लाख रुपये

नगर निगम के अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने कहा कि हर साल छठ से पहले नगर निगम के द्वारा सभी घाटों की सफाई की जाती है। इस साल भी शहर में विशेष अभियान चलाकर सफाई करवाई जा रही है। साथ ही 30 लाख की लागत से शहर के चार तलाबों का सैंदर्यीकरण कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए टेंडर निकाल दिया गया है। जल्द कंपनियों का चयन कर काम खत्म किया जाएगा।

## करवाचौथ : पति के लिए सोलह शृंगार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** करवाचौथ के मौके पर महिलाओं ने बुधवार को निर्जला व्रत रखा। पति की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखा और रात में चांद को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ के दिन बिना अन्न व जल के पूरे दिन उपवास रखती हैं। शाम को चांद निकलने के बाद महिलाओं ने सोलह शृंगार कर भगवान गौरीशंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस त्योहार को लेकर ब्यूटी पार्लर और बाजार में भी महिलाओं की भीड़ रही। वहीं राजधानी के पंजाबी हिन्दू बिरादरी भवन में महिलाओं ने सामूहिक रूप से शाम के समय करवा चौथ की कथा सुनी।

## खबर एक नजर में

### रांची सिविल कोर्ट के वकील ने की आत्महत्या

**रांची।** रांची के एक अधिवक्ता शशांक मिश्रा ने आत्महत्या कर ली है। पिछले वर्ष ही उनकी शादी हुई थी। शशांक मिश्रा रांची सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे थे। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद रांची सिविल कोर्ट के कई वकील रिम्स पहुंचे।

### मोरहाबादी के आर्मी ग्राउंड में जसोवा का 5 दिवसीय दीवाली मेला आज से, सीएम हेमंत करेंगे उद्घाटन

**रांची।** जसोवा की ओर से आज से 5 दिनी दीवाली मेला का आयोजन किया गया है। मोरहाबादी स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित इस मेले का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शाम 4 बजे करेंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन रहेंगी। जिसोवी का अध्यक्ष ने बताया कि मेला सज कर हो गया है। सभी दुाकनें सजा ली गयी है। आम लोगों के लिए मेला 6 नवंबर तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे खुला रहेगा।

### भू-माफिया गिरफ्तार, आदिवासी जमीन की फर्जी तरीके से करायी थी रजिस्ट्री

**रांची।** पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले भू-माफिया लाल संजय नाथ शाहदेव को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में बुधवार पंडरा ओपी की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले पुलिस ने बीते सात अक्टूबर को डोरंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले चंद्र भूषण सिंह को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि हेहल सीओ के सहयोग से उसने करीब साढ़े चार एकड़ आदिवासी जमीन को संजय साहू नाम के व्यक्ति से रजिस्ट्री करा लिया था। इस मामले में भूषण प्रसाद सिंह के खिलाफ पंडरा ओपी में बीते 24 मई 2017 को मामला दर्ज किया गया था।

कैदी वार्ड से नहीं, जनरल वार्ड से फरार हुआ था सूरज मुंडा

# दो सिपाही की भी ड्यूटी कर रहा था तैनात पुलिसकर्मी, तीन की हुई थी प्रतिनियुक्ति

जेल में बेहोशी के बाद आया था मुंह में झाग, कारा प्रशासन ने किया भर्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के रिम्स में इलाजरत कैदियों के फरार होने के मामले में ताजा मोड़ आया है। एक दिन पूर्व रिम्स से फरार सूरजल मुंडा के मामले में एक ही पुलिसकर्मी की दो तैनात पुलिसकर्मियों के बदले ड्यूटी करने का मामला सामने आया है। वहीं, सूरज मुंडा कैदी वार्ड से नहीं, बल्कि वह जनरल वार्ड से फरार हुआ है। विश्वास में पुलिसकर्मी दोस्ताना संबंध बना लेते हैं, जिसका फायदा अपराधी उठाने से नहीं चूकते। छानबीन में यह भी पता चला है कि रिम्स प्रशासन में मौजूद सीनियर डॉक्टर कैदी वार्ड जाने से कतराते हैं।

गौरतलब हो कि रिम्स अस्पताल से कैदी सूरज मुंडा बाथरुम जाने के बाद फरार हो गया है। दस अक्टूबर को रिम्स में इलाज के लिये लाया था। सूरज मुंडा चुटिया थाना क्षेत्र से चोरी के आरोप में जेल गया था। सीसीटीवी फुटेज जांच में सूरज मुंडा 31 अक्टूबर की अहले सुबह तीन बजे के बीच फरार होने का रिकॉर्ड किया गया है।

**45 दिन में ही कैदी हो जा रहे फरार :** कैदियों के फरार होने को लेकर बेहद बदनाम हो चला है। अक्सर तमाम सुरक्षा इंतजामों को ध्वस्त करते हुए कैदी के फरार होने की अवधि 45 दिन तक रहती है। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर मामले की लीपापोती कर पुलिस फिर से किसी कैदी के फरार होने का इंतजार करने लगती है।

**हथकड़ी के साथ फरार हो जाते हैं अपराधी :** हैरत की बात तो यह है कि अधिकतर मामलों में रिम्स से कैदी हथकड़ी के साथ ही फरार होते हैं। हथकड़ी के साथ कैदी बड़े आराम से 150 होमगार्ड और दर्जनों पुलिसवालों को चकमा देकर फरार होते हैं। जब कैदी दोबारा पकड़े जाते हैं या आत्मसमर्पण करते हैं तब यह भी जानकारी मिलती है कि उनके हथकड़ी को किसने काटा या किसने खोला।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ कल राजधानी में होगा छात्रों का महाआंदोलन : देवेंद्रनाथ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित कनीय अभियंता, लैब असिस्टेंट टेक्नीशियन, नगर पालिका सेवा संवर्ग आदि नियुक्ति परीक्षाओं में पेपर लीक का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। राज्य भर के छात्र इसकी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन (जेएसएसयू) ने भी इन प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वतंत्र इकाई सीबीआई से जांच की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा के निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर 3 नवंबर को संपूर्ण झारखंड से मोरहाबादी मैदान में छात्रों का जुटान होगा। वहां से अधिकार मार्च करते हुए राजभवन गेट के समक्ष महाधरना आयोजित होगा। मौके पर योगेश भारती, पुष्पा राज, चंद्रिका महतो, परशुराम मानकी, ऋतिक रजक, अनिल बेदिया आदि थे।



## स्पीड न्यूज

### वित्त, खाद्य आपूर्ति मंत्री का जनसुनवाई कार्यक्रम आज

**तमाड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को झारखंड सरकार के वित्त, खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम सुबह ग्यारह बजे होगी। वित्त खाद आपूर्ति मंत्री जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उन्हें निदान करने का प्रयास करेंगे। उनके साथ पूर्व विधायक सह खूंटी लोकसभा संयोजक कालीचरण मुंडा उपस्थित रहेंगे।

### दरभंगा हाउस में 4 को होगी कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक

**रातू।** कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक चार नवंबर को दिन के 11 बजे से सीसीएल दरभंगा हाउस के कोलियरी कर्मचारी संघ कार्यालय में होगी। यह जानकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष दलादिली निवासी मृत्युंजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। शर्मा ने सदस्यों से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### कार और मोटरसाइकिल में टक्कर, एक घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दिड़सीर मोड़ के समीप बुधवार सुबह 8 बजे के आसपास एक कार जेएच 09 एस2232 तथा मोटरसाइकिल जेएच 01 डब्लू 4123 में टक्कर हो गयी। टक्कर के मोटरसाइकिल सवार सारेयाद गांव निवासी रतनलाल महतो गम्भीर रुप से घायल हुआ । आसपास के लोगों ने तत्काल इलाज के लिये सोनाहातू अस्पताल पहुँचाया। घटना की सूचना मिलने पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रामाणिक अस्पताल पहुँच कर बेहतर इलाज की व्यवस्था करवाया। इलाज के बाद घायल व्यक्ति खतरे से बाहर है।

### एसडीएम ने सोनाहातू में की बैठक

**सोनाहातू।** बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो ने बुधवार को सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों से बैठक कर योजनाओं की समीक्षा किये। एसडीएम ने वन पट्टा के प्रगति की जानकारी लिये तथा भूमि विवाद को लेकर अंचल स्तर में समाधान करने को कहा।दाखिल खारिज को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी लिये। इन्होंने कहा कि रूटीन वर्क के तहत सोनाहातू प्रखंड और अंचल कार्यालय में बैठक कर योजनाओं की समीक्षा किया गया। हमारा प्रयास आम जनता को सुलभ सेवा देने की है और भूमि विवाद में बेवजह लोग परेशान ना हो इसकी समीक्षा की गई। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार,सीआई बंकिम गांगुली सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### किसान जनाधिकार मंच की बैठक संपन्न

**बुंडू।** किसान जनाधिकार मंच की बैठक बुंडू प्रखंड स्थित मां चंडी होटल घाघराबेड़ा बुंडू में गाभेडेया पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष संदीप उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू ने संगठन को मजबूत बनने पर बल दिया। इस बैठक में घाघराबेड़ा टोला बंडलजारा रोड की समस्या, गाभेडेया पंचायत के उख टोला मैं पेयजल की जोरदार समस्या, घाघरा बेड़ा के पास बिरसा मुंडा एतवा मुंडा पुशुवा मुंडा की जमीन खाता नंबर 57 एन एच 33 के किनारे स्थित भूमि पर भू माफिया के द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश पर विरोध प्रकट करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर विकेश्वर महतो, बिरसा मुंडा, सुखलाल मुंडा, कार्तिक मुंडा,कुंदन सिंह गोंझु, राजेंद्र प्रसाद साहू, सोमा मुंडा,फगुआ उरांव व अन्य शामिल थे।

# बाइक सवार को बचाने में ऑटो पलटा तीन महिलाओं समेत चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


घायल लकी महली का इलाज करते चिकित्सक।


घायल सारु उरांव का इलाज करते चिकित्सक।

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर दिघिया गांव के समीप बुधवार की दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे बाइक सवार को बचाने में एक सवारी ऑटो पलट गया। इससे ऑटो में बैठी तीन महिलाएं व एक युवक घायल हो गया। घायल महिलाओं को इलाज के लिए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां घायलों में सड़ाबे डूमर टोली कैरो निवासी 45 वर्षीय चिंता उराईन पति चुमनु उरांव 32 वर्षीय दुलारी उरांव पति बन्नु उरांव व 36 वर्षीय सारू उरांव पति जेरकु उरांव और लाल गुटवा रांची निवासी 30 वर्षीय लकी महली पिता सुकरा महली शामिल हैं। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉ सुमन ने चारो घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल लकी महली व सारू उरांव को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नया मेहमानी के लिए महिलाएं सड़ाबे डूमर टोली कैरो से बेड़ो आ रही थी। इसी बीच दिघिया गांव के पास बाइक सवार को बचाने में ऑटो असंतुलित होकर पलट गया।

## तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी व कई विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन


पुरस्कार देकर सम्मानित करते सांसद संजय सेठ व अन्य।

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय संचार ब्यूरो और सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शिनी, राष्ट्रीय एकता, मेरा माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,स्वच्छता आदि विषयो पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन रांची सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलन कर एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

अपने संबोधन में संजय सेठ ने कहा भारत रत्न सरदार पटेल देश की रियासतों को एक सूत्र में बांधने और सारी रियासतों को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यही कारण है कि इनके जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियो के बीच योजनाओं से संबंधित क्विज और चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सफल प्रतिभागियों को सांसद संजय सेठ ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर पदमश्री मधु मंसूरी, दीपाली भगत,राकेश कुमार, केदार महतो, शिला देवी, अखिल कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार महतो अब्दुल गफ्फार, हरि उराँव, प्रिंस कुमार सहित लोग शामिल हुए।

## एक नजर में

### जंगली हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया



**अनगड़ा।** जंगली हाथियों से प्रभावित प्रखंड के कुच्चू एवं डीमरा गॉव में बुधवार को वनरक्षी कृष्णा महतो के नेतृत्व में जंगली हाथियों से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान में नाटक मंडली के प्रतिनिधियों नें अपने प्रस्तुति में ये दिखाने का प्रयास किया कि जंगली हांथी ग्रामीणों को बे वजह परेशान नहीं करते हैं। पहले लोग उनको परेशान करते हैं। हाथियों के रिहायसी जंगलों में आग लगा देते हैं जंगलों की कटाई करते हैं जिससे परेशान होकर जंगली हाथी गॉव में आ जाते हैं और आतंक करते हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इन कृत्यों से बचने की सीख दी गयी। मौके पर कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया गिलुवा बेदिया मनीष बेदिया पोचा बेदिया अर्जुन बेदिया इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल मिशन से जलापूर्ति को दुरुस्त करने को लेकर छह पंचायत के प्रतिनिधि ने की बैठक

**सिकिदिरी।** अनगडा प्रखंड के छह पंचायतों में जल मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति में हो रही विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को पंचायत प्रतिनिधियों व पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की बैठक गेतलसूद स्थित विभाग के अनुमंडल कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान डैमेज हुए रोड व अन्य पक्का निर्माण को विभाग दुरूस्त करेगा, सभी छह पंचायतों में वार्ड स्तर पर वंचितों की सूची बनाकर उसे कनेक्शन से आच्छादित किया जाएगा। जिस घर में कनेक्शन होने के बाद भी पेयजल आपूर्ति नही हो रही है उसे ठीक करके पेयजल आपूर्ति को सुचारू की जाएगी। गेतलसूद के कोलोनी नंबर एक में दो दिनों के अंदर सभी वंचितों को कनेक्शन दिया जाएगा। घटिया स्तर के कनेक्शन पाइप को बदला जाएगा। बैठक में अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, विभागीय एसडीओ भूपेंद्र सिंह, कनीय अभियंता प्रभात कुमार, सिरका मुखिया रौशनलाल मुण्डा, राजेश पाहन, गौरीशंकर मुण्डा, समाजसेवी संजय नायक, अजय उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण कार्य विभाग के तीनों प्रमुख अभियंता के पद खाली, ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य प्रभावित

**अनगड़ा।** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण करने वाले विभाग ग्रामीण कार्य विभाग के अभियन्ता प्रमुख से लेकर मुख्य अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता तक का पद खाली है। इस प्रमुख विभाग का तीनो पद रिक्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ये तीनो पद प्रदेश स्तरीय पद है। बताया गया कि अभियन्ता प्रमुख का पद पिछले करीब तीन महीना से रिक्त है। अभियन्ता प्रमुख मुरारी भगत को अन्यत्र स्थानांतर के बाद अब तक इस पद पर किसी की नियुक्ति नही हुयी है । मुख्य अभियन्ता सिंगराई टूटी का स्थानान्तरण अन्यत्र किए जाने के बाद अधीक्षणण अभियन्ता राजीव लोचन मुख्य अभियन्ता एव अधीक्षण अभियंता दोनों पद को संभाल रहे थे। लेकिन 31 अक्टूबर को मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता का कार्यभार संभाल रहे श्री राजीव लोचन सेवा निवृत हो जाने से दोनों पद खाली हो गए हैं। इस तरह वर्तमान समय में ग्रामीण कार्य विभाग के तीनो प्रमुख पदों के पदविहीन हो गए हैं जिसके चलते ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य सहित सड़कों के निविदा सहित संवेदकों का अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## जनता मजदूर संघ ने क्षेत्र एवं परियोजना के पदाधिकारी संग की बैठक



**खलारी।** जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में क्षेत्र एवं परियोजना के पदाधिकारी का एक बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन यादव ने किया। बैठक में इसी वर्ष 2023 के सदस्यता पर चर्चा किया गया। जिसमे कामगारों के विभिन्न समस्याओं एवं कामगारों का समय पर पदोन्नति नहीं होने पर,समय पूरा हो जाने के बाद भी एसएलपी कामगारों को नहीं दिया। कामगारों का आवास का मरम्मती का कार्य,कॉलोनी का साफ सफाई नाली का सफाई झाड़ी का सफाई का कार्य,ए एम सी का कार्य जो हो रहा है उसमें कार्य में प्रदर्शित न होना। दीपावली छठ के अवसर पर छठ घाटों का साफ सफाई एवं बिजली रोड की व्यवस्था ठीक कराया जाए। वही चुरी परियोजना से आठ सूत्री मांग है उसे अभिलंब किया जाए। बैठक में सीसीएल जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव डी पी सिंह, अजय चौहान, अमिताभ बच्चन, टेकलाल महतो, चुरामन, इंसान, मो0 सलीम,तपेश्वर कुमार, शिव शंकर प्रसाद, बंसी राम, चंदन कुमार, वीरेन ,चंद्रभूषण, बिरजू सहित अन्य उपस्थित थे।

## लापुंग प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होना छात्र-छात्राओं के लिए विडंबना : सविता

खबर मन्त्र संवाददाता


**मौके पर मौजूद लोग** इस मौके पर वरीय शिक्षक मनोज कुमार नाग, वरूण महतो, बलदेव महतो, दीपक कुमार ,जलधर नायक, आनंद मिर्धा, धनंजय कुमार पंकज,आशीष जुगनु, रेणु कुशवाहा, मनोहर कुमार महतो, समाजसेवी फुलचंद साहु, गांगी मुंडाईन एवं अन्य अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**लापुंग।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में न्यूनतम संसाधनों के बीच स्टडी हॉल सह वाचनालय का उद्घाटन मुखिया सविता उरांव ने किया। इस मौके पर शिक्षक अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति का संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान में 200 से अधिक अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया लापुंग के छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी विडंबना यह है कि लापुंग प्रखंड में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। यहां के बच्चों को डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए बेड़ो या खूंटी या रांची जाना पड़ता है। मुखिया ने कहा कि सांसद, विधायक या कोई भी सरकार में ध्यान नहीं दिया। सविता उरांव ने कहा कि लापुंग हाई स्कूल उत्तरोत्तर तरक्की कर रहा है। यहां विद्यालय में नेशनल कैडेट कोर की कक्षाएं शुरू हो गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुनिता भेंगरा ने कहा कि हमें मिलजुल कर विद्यालय को आगे बढ़ाने, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि सहित विद्यालय के विकास के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

## मुखिया ने किया ग्रीन पोली हाउस का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता


पोली हाउस का उद्घाटन करते मुखिया व अन्य।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत टुंडाहुली के ग्रामीण व किसान ग्रीन पोली हाउस के माध्यम से खेती करेंगे। इसे लेकर पंचायत के बिजांग गांव में बुधवार को जया ऑर्गेनिक द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुखिया रमेश बेदिया ने ग्रीन हाउस का उद्घाटन फीता काट कर किया और कहा आरा-केरम के ग्रामीण नषाबंदी व कुलाढीबंदी सहित कई कार्यक्रम चलाकर गांव में महुआ शराब निर्माण व सेवन, जंगलों की कटाई बंद कर खेती बारी के माध्यम से रोजगार कर रहे हैं। खुले खेत में पौधा तैयार करने पर गांव के पशु चर जाते हैं। बताया कि इन समस्याओं को लेकर गांव में हुई ग्रामसभा में निर्णय लिया गया कि गांव के सभी किसान अब ग्रीन हाउस में सब्जी का नर्सरी तैयार कर खेती करेंगे। साथ ही ऑर्गेनिक खेती करने के उदेश्य से पोली हाउस को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में मुखिया रमेश बेदिया के साथ वार्ड सदस्य कृष्णा बेदिया, ग्राम प्रधान रावणा बेदिया, मनमोहन बेदिया, बिराजो देवी, बिजेंदर महतो, दशरथ बेदिया, राहुल कुमार, बिरेंद्र सिंह उपस्थित ग्रामीणों द्वारा खुशी जताया गया।

### धर्मगुरु बंधन तिग्गा को किया गया सम्मानित



**ओरमांझी।** माय माटी 1932 खतियान बूटी मोड़ द्वारा बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर धर्मगुरु बंधन तिग्गा को गुलदस्ता देकर सम्मानित कर बधाई दी गई। समिति के रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि ऐतिहासिक राजी पाहड़ा जतरा समिति, मुड़मा द्वारा दो दिवसीय ऐतिहासिक मुड़मा मेले के सफल आयोजन के करने लिए मेला समिति के संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा को सम्मानित कर बधाई दी मौके पर अध्यक्ष संजय कुमार, जीतेन्द्र व अन्य उपस्थित थें।

## हम अपनी संस्कृति, परंपरा और रीति रिवाज को भूलते जा रहे हैं : बंधु तिर्की



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत टांगरबसली पंचायत के दीवान गांव बुधवार को 12 पड़हा जतरा मे बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शामिल हुए।

इस जतरा महोत्सव मे विधायक जतरा खोड़ा के नृत्य मंडली के साथ जुड़ा कर नृत्य किया और जतरा का शोभा बढ़ाया। विधायक जतरा में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए जतरा के बारे मे बताया कि यह जतरा हमारे पूर्वजों की देन है हमने इसे बचा के रखा और इसे आज हम सभी आदिवासी भाई बहिन सब एक साथ मिलकर मानते है। विधायक ने बताया कि हमारी संस्कृति, वेशभूषा एवं परम्परा दूसरे समुदाय के अपेक्षा बहुत भिन्न है और बहुत ही अच्छा है। इस कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक परम्परा और रीति रिवाज को भूलते जा रहे है। अगर ऐसा होता रहा तो हमारा समाज खत्म होने के कगार पर आ जायेगा। आज हम युवाओं को अपनी रीति रिवाज एवं परंपरा को जाने की जरूरत है। साथ ही अपने समाज को शिक्षित होने की जरूरत है। मौके पर फिलिप सहाय एक्का, मंगा उरांव, तस्लीम अंसारी, विश्वास, टांगर व अन्य शामिल थें।

## एनके एरिया में मनाया गया सीसीएल का 49वां स्थापना दिवस

**खलारी।** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में सीसीएल का 49वां स्थापना दिवस बड़े ही सादगी रूप से मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल के एनके महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में असिस्टेंट जीएम केके झा वे द्वारा 49 वां स्थापना दिवस पर झंडोत्तोलन कर मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रानी चौबे ने किया। वही कार्यक्रम में पूरे एनके एरिया के 69 सीसीएल कामगारों को पदोन्नति पत्र बांटा गया। उधर 49वां स्थापना दिवस पर केडीएच परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी अनील कुमार सिंह के द्वारा झंडोतोलन कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अथवा श्रमिकों को पददोनती का आदेश वितरण किया गया। मौके पर इस राघवेंद्र गांधी, राजीव रंजन,ललीता देवी, प्रतिमा ,रामपुकार नोनीया सहित अन्य उपस्थित थे।

### अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को अगाध प्रेम व समर्पण का पावन पर्व करवा चौथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। शाम को सोलह सिंगार करके मां गौरी, भगवान शंकर गणेश और कार्तिकेय को पुष्प, अक्षत, धूप, दीप आदि अर्पित करके पूजन किया। पूजन के बाद चौथ व्रत कथा का पाठ किया। वही शुभ मुहूर्त में चंद्रमा को और देकर चलने में पति का चेहरा देखकर पारन किया। जहां महिलाएं अपने घरों व समूह में पूजन करती दिखीं। वहीं नव विवाहिताओ में खासकर इस पर्व को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा गया। सुबह से ही सुहागिनों में इस पर्व को लेकर उत्सुकता देखी गयी।

# चितरकोटा छोटकाटोली में पड़हा जतरा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** चितरकोटा छोटकाटोली में 21 पड़हा जतरा लगा। इसकी शुरूआत पाहन ने इष्ट देवता की पूजा-अर्चना कर की। जतरा में 7 पड़हा के नृत्य मंडली ने भी हिस्सा लिया। खोड़हा टीमों ने कला की छटा बिखेरी। मांदर की थाप पर युवा थिरक उठे। गांव में उत्सवी माहौल रहा। इससे आदिवासी संस्कृति जीवंत हो उठा। आयोजन समिति की ओर से खोड़हेधारी पुरस्कृत किये गये। महोत्सव में विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू के हटिया विधानसभा संगठन प्रभारी भरत कांशी, पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, योगेंद्र उरांव, मुखिया प्रेम खलखो, सरपंच खुशबू खलखो, चिंटू मिश्र, रमेश उरांव, जेम्स खलखो व दानिश अहमद बतौर अतिथि शामिल हुये। मौके पर जतरू उरांव, डेवठो उरांव, सुशील उरांव, जयमंगल उरांव, मुन्ना पाहन, रामू उरांव, डोमी उरांव, एतवरिया उराईन, ललित खलखो, विक्रम लोहार, बासुदेव गंझू, कुलदीप गोप, आदित्य मुंडा समेत पाहन, कोटवार, पइनभरा व महतो मौजूद थे।

### सजी थीं दर्जनों दुकानें

जतरा में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। जतरारथियों ने मिठाई व केतारी समेत घरेलू चीजों की खरीदारी की। ठेला-खोमचा और चाउमीन वालों की चांदी रही। जतरा की सफलता पर आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार जताया है।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दारू प्रखण्ड अन्तर्गत झुमरा बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24 के लिए दिनांक 14/11/2023 को 2:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR310367 (District)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/SIMDEGA/05/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओल्ड एज होम, सिमडेगा के भवन का जीर्णोधार | 1844846.00 | 37000.00 | 5000.00 | तीन माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.11.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.11.2023 से दिनांक 14.11.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –17.11.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सिमडेगा

PR 310377 Rural Development(23-24).D

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं. 28/2023–24**

| Sl. No. | Name of Item | Quantity | Sl. No. | Name of Item | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Street Light (50 Watt) | 01 Pcs. | 16. | Gangbox | 01 Pcs. |
| 2. | LED Flood Light (150 Watt) | 01 Pcs. | 17. | MCB (10 Ampere) | 01 Pcs. |
| 3. | Street Light arm | 01 Pcs. | 18. | MCB (32 Ampere) | 01 Pcs. |
| 4. | RCC Pole Clamp | 01 Pcs. | 19 | PVC Tap | 01 Pcs. |
| 5. | Nut Bolt | 01 Pcs. | 20. | TPN MCB (32 Amp) | 01 Pcs. |
| 6. | LED Driver | 01 Pcs. | 21. | Contractor (32 Amp.) | 01 Pcs. |
| 7. | LED Bulb (15 Watt) | 01 Pcs. | 22. | Timmer | 01 Pcs. |
| 8. | LED tube light (18 Watt) | 01 Pcs. | 23. | Celling Fan (1200 mm) | 01 Pcs. |
| 9. | Angle Holder | 01 Pcs. | 24. | Rope Light | 01 Mtr. |
| 10. | 1-Core Copper wire (1.5 sq.mm) | 01 Mtr. | 25. | Rope Light Connector | 01 Pcs. |
| 11. | 1-Core Copper wire (4 sq.mm) | 01 Mtr. | 26. | Helmet | 01 Pcs. |
| 12. | 2-Core Aluminum wire (2 sq.mm) | 01 Mtr. | 27. | Hand Glover (Electrical work) | 01 Pcs. |
| 13. | 2-Core Aluminum wire (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 28. | Plas tool with screw driver & Tester | 01 Pcs. |
| 14. | 4-Core Armoured Cable (10 sq.mm) | 01 Mtr. | 29. | 3-Phase Rotatory Charger (100 Amp) | 01 Pcs. |
| 15. | Switch (6 Amp) | 01 Pcs. | 30. | Boot shoes (Electrical work) | 01 Pcs. |

1. कोटेशन विपत्र का मूल्य :– 1000 रूपये (Non-Refundable)
2. सुराक्षित जमा राशि :– 25,000 रूपये (Refundable)
3. कोटेशन बिक्री का स्थान तिथि एवं समय :–नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग दिनांक 08.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
4. कोटेशन प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समयः–कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 10.11.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
5. कोटेशन खोलने का स्थान तिथि एवं समयः–कार्यालय, नगर निगम, हजारीबाग दिनांक 10.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न से अंतिम कोटेशन खुलने तक
6. विज्ञापनदाता का पदनाम :–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

PR.NO.310383 Urban Development and Housing(23-24):D प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

